प्रेस–विज्ञप्ति

हिन्दुस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलोजी एण्ड मैनेजमेंट (एच0आई0टी0एम0), आगरा ने ओवरऑल 97 प्रतिशत प्लेसमेंट के साथ बनाया नया कीर्तिमान

हिन्दुस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलौजी एण्ड मैनेजमेन्ट, में वर्ष 2017 में विभिन्न राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय कम्पनीज की लगातार दस्तक ने संस्थान के विभिन्न विधाओं के 97% छात्र- छात्राओं के सपनों को रोजगार से जोड़कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यही कारण है कि शानदार पैकेज पर नियुक्ति पाने वाले छात्र- छात्राओं की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है। विभिन्न कम्पनीज में चयनित होने वाले छात्रों में बी.टेक. कम्प्यूटर साइंस इजी0 के **100**%, इलैक्ट्रोनिक्स एण्ड कम्युनिकेशन इजी0 के **90**% , इलैक्ट्रीकल एण्ड इलैक्ट्रोनिक्स इजी0 के **100**%, मैकेनीकल इजी0 **90**%, सिविल इंजी0 के **90**% तथा एम0बी0ए0 व डिप्लोमा के **100**% छात्र- छात्रायें शामिल हैं।

संस्थान के ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंन्ट विभाग की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2017 में छात्र- छात्राओं को 50 से ज्यादा कम्पनियों में बैठने का अवसर मिला, जिनमें बजाज कॉर्प, रेमसन ग्रुप, ट्रिपक्यूलस इंडिया प्रा0 लि0, वेड्यूरकिडस, अमेजन डॉट कॉम, टॉरी हैरिस आदि नाम शामिल है, जिनके मानको पर खरा उतरने के पश्चात ही छात्रा–छात्राओं को इनमें नियुक्ति का अवसर प्राप्त हुआ है तथा इनमें **2.5 से 4.5 लाख** के पैकेज पर छात्रों का चयन हुआ है।

संस्थान के के निदेशक **डॉ० शैलेन्द्र सिंह** ने बताया कि वर्षों के कठिन प्रयासों का परिणाम अब दिखाई देने लगा है। सभी छात्र-छात्राऐं एवं उनके अभिवावक उत्साहित एवं प्रसन्नता महसूस कर रहे है। कॉलेज की प्लेसमेन्ट ड्राइव पंचम सेमेस्टर से ही शुरू हो जाती है, जिस कारण से हर एक छात्र को अच्छी से अच्छी कम्पनीज में बैठने का अवसर मिल जाता है। आज के दौर में जहाँ एक नौकरी भी मिलना मुश्किल होता है, हमारे यहाँ से 97% छात्रों का सेलेक्सन होना एक बड़ी उपलब्धि है, सिर्फ कॉलेज में एडमिशन ले लेने से ही प्लेसमेन्ट नहीं हो जाता बल्कि इसके लिये पूरी टीम को पढ़ाई के साथ-साथ छात्रों के सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास पर भी ध्यान देना पढ़ता है। हमारे यहाँ आडियो-विसुअल लैब में छात्रों को कम्यूनिकेशन, इन्टरव्यू टेकनिक, ग्रुप डिस्कसन एवं ऐप्टीट्यूट आदि की अलग से ट्रेन्ड फैकल्टी द्वारा ट्रेनिंग दी जाती है एवं कोर्स के दौरान छात्रों को विभिन्न औधोगिक भ्रमण के लिए भी ले जाया जाता है, जिससे उनको आज के समय में कम्पनियों में काम करने का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त होता है तथा प्लेसमेन्ट के समय काफी मदद मिलती है। सभी छात्रों ने सफलता के श्रेय अपने गुरूजनों व प्लेसमेंट विभाग के सदस्यों को दिया।

शारदा ग्रुप के वाइस चेयरमैन श्री वाई के गुप्ता तथा एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसीडेन्ट श्री प्रदीप महथा** ने **डॉ० शैलेन्द्र सिंह को उनके इस प्रयास हेतु *शुभकामनायें* दी सभी छात्रों को बधाई देते हुए उनके भविष्य की उज्जवल कामना की, ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेन्ट सभी सदस्यों एवं शिक्षकगणों ने भी बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया।